# JAIN COLLEGE, JAYANAGAR
## II PUC MOCK PAPER I -2017
## Subject : Hindi

समयः 3 घण्टा 15 मिनट | पूर्णांकः 100

**सूचनाः i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**

**ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।**

**I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिएः** **6X1= 6**

1) सीधे–साधे किसान धन आते ही किस ओर झुकते हैं?

2) कर्त्तव्य किस पर निर्भर है?

3) अजमेर से पहले मन्नू के पिता कहाँ रहते थे?

4) सभी देसी स्त्रियों की आराधना का केन्द्र कौन बनी हुई थीं?

5) बड़े साहब के कमरे के बाहर कौन ऊँघ रहा था?

6) गौतम बुद्ध को जापानी भाषा क्या कहते है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **3X3= 9**

7) झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।

8) पिताजी के प्रति लेखिका के क्या विचार थे?

9) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

10) चीफ़ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

11) जापान में हिन्दी के प्रभाव–प्रसार पर टिप्पणी लिखिए।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे?** **4X1= 4**

12) 'बाबा, इतना मुझसे उठ न सकेगा।'

13) 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना।'

14) 'जब से बीमारी से उठी हूँ नाक से साँस नहीं ले सकती।

15) 'इनकम होती तो टैक्स होता। भुकमरा था।'

**आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः** **2X3=6**

16) 'इसी प्रकार जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्त्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं?

17) 'एक ओर वे बेहद कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे तो दूसरी ओर बेहद क्रोधी और अहंवादी।'

18) 'चूड़ियाँ कहाँ से लाऊँ बेटा, तुम तो जानते हो, सब ज़ेबर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए।'

19) 'यह किला जापानी संघर्ष धर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है।'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए:** **6X1=6**

20) रैदास किस प्रकार जीवन का निर्वाह करने के लिए कहते हैं?

21) पातक, राजा और रोग किसे दबाते हैं?

22) मेघ में किस चीज़ की चाह होनी चाहिए?

23) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए क्या बनते है?

24) कवि नरेन्द्र शर्मा किसके सामने आत्म समर्पण न करने के लिए कहते हैं?

25) कवि का क्या मकसद नहीं है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3X2=6**

26) सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग किस प्रकार किया है?

27) बादल और वसंत ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

28) 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं?

29) 'मानव' ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है?

**इ) निम्नलिखित की ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **2X4=8**

30) धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय।

उदिध बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय।।

**अथवा**

अधर–धरत हरि कैं परत, ओठ–डीठि–पट–ज्योति।

हरित बाँस की बाँसुरी, इन्द्र धनुष–रंग होति।।

31) वेद और उपनिषद् ज्ञान गीता का तत्व प्राता है, सरस्वती सरिता तट वैदिक मन्त्रों का उद्गाता है।

हरित–भरित हरियाणा, अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर का स्थल है, धर्म,कर्म,संस्कृति–सभ्यता बल पौरूष का संबल है

**अथवा**

दरसल शुरू से ही था हमारे अंदेशों में, कहीं एक जानी दुश्मन, कि घर को बचाना है लुटेरों से।

शहर को बचाना है नादिरों से, देश को बचाना है देश के दुश्मनों से ।

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए:** **5X1=5**

32) हर बात पर अपने मायके की तारीफ कौन करती रहती है?

33) मूलराज के मँझले बेटे का नाम लिखिए।

34) दादा जी किसके हक में हैं?

35) पुत्र को कब निर्वासित किया जा सकता है?

36) अनुशासन की मर्यादा पर क्या किया जा सकता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2X5=10**

37) दादाजी ने परेश को किस प्रकार मनाया?

**अथवा**

घर के लोगों के व्यवहार में बदलाव देखकर बेला की क्या प्रतिक्रिया थी?

38) ग्लानि और जीवन के सम्बन्ध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

**अथवा**

भारवि से सम्बन्धित माता–पिता के बीच होने वाले प्रारम्भिक सम्वाद का सार लिखिए।

**V अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:** **4X1=4**

39) 1) पेड़ से फल आ रहे हैं।

2) हमारे यहाँ सब कुछ लुट गया।

3) वह जल से नौधे सींचती है।

4) बाढ़ के प्रकोप में अनेकों लोगों की जानें गयी।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:** **4X1=4**

(में, से, को, के लिए)

40) 1) राम पेड़. . . . . . गिर गया।

2) मनुष्य धन. . . . .देश विदेश भटकता है।

3) पीड़ितों. . . .दान दो।

4) समुद्र. . . . लहरें उठतीं हैं।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3X1=3**

41) 1) रमेश अपना जन्मदिन मनाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

2) अन्धी लकड़ी के सहारे मार्ग तय करती है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

3) सैनिकों ने देश का नाम रोशन किया। (वर्तमान काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए:** **4X1=4**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42) 1) | अपनी खिचड़ी अलग पकाना। | क) | जान–बूझकर दु:ख देना। |
| 2) | कठपुतली बनना। | ख) | चुरा लेना। |
| 3) | छाती पर मूँग दलना। | ग) | दूसरों के इशारों पर चलना। |
| 4) | हाथ साफ कर जाना। | घ) | साथ मिलकर न रहना। |

**उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए:** **3X1=3**

43) (1) सत्यवान, (2) दाता, (3) जाट।

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **3X1=3**

44) (1) जिसका ह्रदय पत्थर के समान कठोर हो।

(2) जो बात लोगों से सुनी गयी हो।

(3) जिसकी बहुत अधिक चर्चा हो।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए:** **2X1=2**

45) 1. दर्शनी 2. कृत्य।

**आ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2X1=2**

46) 1. मौसेरा 2. पंडिताइन।

**vi अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **5X1=5**

47) (1) कम्प्यूटर: आज के युग की आवश्यकता। (2) नोटबंदी: देश के आर्थिक विकास में साधक/बाधक।

(3) विज्ञापनों का जीवन पर प्रभाव।

**अथवा**

अपने क्षेत्र की गंदगी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5X1=5**

48) आज की भारतीय शिक्षित नारी को अच्छी गृहणी के रूप में न देख पाना पुरूषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है। विवाह के बाद बदली हुई उनकी मनः स्थिति तथा परिस्थितियों की कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता। उसकी रूचियों और भावनाओं की अपेक्षा की जाती है। पुरुष यदि अपने सुख के साथ पत्नी के सुख का ध्यान रखें, तो वह अच्छी गृहणी हो सकती है। पत्नी और पति दोनों का कर्त्तव्य है कि वे एक दूसरे के कार्य में हाथ बटाएँ और एक दूसरे की भावनाओं, इच्छाओं और रूचियों का ध्यान रखें। आखिर नारी भी तो मनुष्य है। उसकी अपनी जरूरतें भी हैं और वह भी परिवार में, पड़ोस तथा समाज में सम्मान पाना चाहती हैं। यदि नारी त्याग की मूर्ति है, तो पुरूष को बलिदानी होना चाहिए।

प्रश्न 1. अच्छी गृहणी को किस रूप में देखना चाहिए है?

प्रश्न 2. नारी की किन कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता?

प्रश्न 3. पति और पत्नी दोनों का क्या कर्त्तव्य है?

प्रश्न 4. अनुच्छेद के अनुसार नारी की क्या–क्या जरूरतें हैं?

प्रश्न 5. नारी और पुरूष को क्या–क्या होना चाहिए?

**इ) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **5X1=5**

49) (i) We have to save the Nature; in turn it will save us.

(ii) Those who lose courage will never succeed.

(iii) Harishchandra surrendered all his belongings to Vishwamitra.

(iv) To kill somebody is violence.

(iv) We should our bend our head before elders.

@@@@@@@@